# भीलवाड़ा फोकस

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

RNI No. : RJHIN/25/A0890

वर्ष - 01 | अंक - 272 | प्रधान संपादक - कपिल विजयवर्गीय | बिजौलिया - शनिवार, 04 अप्रैल ,2026 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4


## थाने के बाहर गैंगस्टर गानों पर वीडियो बनाना पड़ा भारी,फॉलोअर्स बढ़ाने के लिए बनाई रील हुई वायरल,युवक गिरफ्तार,मांगी माफी

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

**पुनित चपलोत**

जिले के करेड़ा क्षेत्र में सोशल मीडिया पर फॉलोअर्स बढ़ाने के चक्कर में युवक द्वारा बनाई गई एक वीडियो उसे भारी पड़ गई। आरोपी ने गैंगस्टर से जुड़े गानों पर करेड़ा थाने के बाहर वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर पोस्ट कर दी, जो देखते ही देखते वायरल हो गई।

वीडियो सामने आने के बाद करेड़ा पुलिस हरकत में आई और त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस की



कार्रवाई के बाद आरोपी ने सोशल मीडिया पर माफी भी मांगी है।

करेड़ा थानाधिकारी के निर्देशानुसार पुलिस टीम के राकेश मीणा और




प्रदीप दारा ने कार्रवाई को अंजाम दिया। पुलिस ने बताया कि क्षेत्र में सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर लगातार नजर रखी जा रही है और इस तरह की गतिविधियों पर सख्ती से कार्रवाई की जा रही है।

जिले में लगातार हो रही ऐसी कार्रवाइयों से गैंगस्टर संस्कृति पर अंकुश लग रहा है। जिला पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह यादव के नेतृत्व में गैंगस्टर गतिविधियों और नशे के कारोबार पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है।

पुलिस का कहना है कि सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक या कानून व्यवस्था को प्रभावित करने वाली पोस्ट करने वालों के खिलाफ आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

## पत्रकार पर जानलेवा हमले में दो गिरफ्तार, दो अब भी फरार; सख्त कार्रवाई की मांग

### पत्रकारों ने एसपी के नाम सौंपा ज्ञापन, एएसपी स्तर से जांच व नगर पालिका कर्मी पर कार्रवाई की मांग, धरने की चेतावनी







**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया।**

कस्बे में वरिष्ठ पत्रकार श्याम विजय पर हुए जानलेवा हमले के मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जबकि रिपोर्ट में नामजद दो अन्य आरोपी अब भी फरार हैं। फरार आरोपियों में एक नगर पालिका में कार्यरत संविदा कार्मिक बताया जा रहा है, जिसको लेकर स्थानीय स्तर पर आक्रोश बढ़ता जा रहा है।

गौरतलब है कि 1 अप्रैल की रात करीब 9:10 बजे पंचायत चौक से घर लौट रहे पत्रकार श्याम विजय पर बिना नंबर की कार में सवार बदमाशों ने घर के बाहर घात लगाकर लाठी-सरियों से हमला कर दिया था। हमले में वे गंभीर रूप से घायल हो गए थे। आरोपियों ने करीब 11 हजार रुपए नकद और 30 ग्राम सोने की चेन भी लूट ली तथा जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए।

पीड़ित की रिपोर्ट पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस ने लक्ष्मीनारायण उर्फ कालू (25) निवासी छोटा दरवाजा बिजौलिया और हेमन्त (26) निवासी विवेकानन्द नगर, कोटा को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि अन्य दो आरोपी जिनमें नगर पालिका का संविदा कर्मचारी एक योगेश अहीर व एक अन्य शामिल है। अब भी गिरफ्त से बाहर हैं। पुलिस उनकी तलाश में जुटी है। घटना के विरोध में शुक्रवार को बिजौलिया एवं कोटडी के पत्रकारों ने पुलिस अधीक्षक के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी, सभी दोषियों पर कठोर कार्रवाई, मामले की जांच अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक स्तर के अधिकारी से करवाने की मांग की गई है।

साथ ही नगर पालिका में कार्यरत आरोपी को तत्काल हिरासत में लेकर सेवा से मुक्त करने और उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की भी मांग उठाई गई है।

पत्रकारों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो सोमवार से नगर पालिका चौक पर पत्रकारों की उपस्थिति में धरना प्रदर्शन शुरू किया जाएगा।

घटना के बाद कस्बे में कानून व्यवस्था को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं और आमजन में भय का माहौल बना हुआ है।

## उप जिला अस्पताल में 25 लाख की सोनोग्राफी मशीन धूल फांक रही, मरीज परेशान





**भीलवाड़ा फोकस @ मांडलगढ़।**

प्रदेश सरकार द्वारा संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने के लिए कई योजनाएं संचालित की जा रही हैं, लेकिन मांडलगढ़ उपखंड मुख्यालय स्थित उप जिला चिकित्सालय में इन योजनाओं का लाभ मरीजों तक नहीं पहुंच पा रहा है। अस्पताल में सोनोग्राफी मशीन उपलब्ध होने के बावजूद उसका संचालन नहीं होने से क्षेत्रवासियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

अस्पताल परिसर में डीएमएफटी फंड से लगभग 25 लाख रुपए की लागत से स्थापित सोनोग्राफी मशीन पिछले करीब सात महीनों से बंद पड़ी है और एक कमरे में धूल फांक रही है। इसके चलते गर्भवती महिलाओं एवं अन्य मरीजों को जांच के लिए या तो जिला अस्पताल जाना पड़ रहा है या फिर निजी लैब का सहारा लेना पड़ रहा है, जिससे उन पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ रहा है।

ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले मरीजों के लिए यह स्थिति और भी गंभीर हो गई है। डॉक्टरों द्वारा प्रसव पूर्व जांच के लिए सोनोग्राफी की सलाह दिए जाने के बावजूद अस्पताल में सुविधा उपलब्ध नहीं होने से मरीजों को मजबूरी में बाहर महंगे दामों पर जांच करवानी पड़ रही है। गरीब एवं मध्यम वर्ग के परिवार इस अतिरिक्त खर्च के कारण आर्थिक संकट झेल रहे हैं।

गर्भवती महिलाओं के लिए सोनोग्राफी जांच अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। इसके माध्यम से गर्भ में पल रहे शिशु की स्थिति, विकास और स्वास्थ्य का पता लगाया जाता है। चिकित्सकों के अनुसार गर्भावस्था के दौरान कम से कम तीन बार तीसरे, छठे और नौवें महीने में सोनोग्राफी कराना आवश्यक होता है।

नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि उप जिला चिकित्सालय में उपलब्ध सोनोग्राफी मशीन को शीघ्र चालू कर आमजन को राहत प्रदान की जाए।

### इनका कहना है ।

सोनोग्राफी मशीन को चालू करने की सभी प्रक्रियाएं पहले ही पूरी कर ली गई थीं तथा संबंधित अधिकारियों को कई बार नोटिस भी दिए गए हैं। इस स्थिति से उच्च अधिकारियों को अवगत करा दिया गया है।

**चिकित्सा प्रभारी डॉ. मनीष पुरोहित , उप जिला चिकित्सालय , मांडलगढ़**

मांडलगढ़ उप जिला चिकित्सालय में सोनोग्राफी मशीन बंद होने की जानकारी मिली है और तत्काल आवश्यक कार्रवाई कर जल्द ही सेवाएं शुरू कर दी जाएंगी।

**डॉ. संजीव शर्मा , जिला चिकित्सा अधिकारी , भीलवाड़ा ।**

## शक्करगढ़ में अवैध बजरी खनन पर बड़ी कार्रवाई, ट्रेलर व कार जब्त - 3 आरोपी गिरफ्तार

**भीलवाड़ा फोकस @ शक्करगढ़**

अवैध बजरी खनन और परिवहन के खिलाफ पुलिस का अभियान लगातार जारी है। इसी क्रम में शक्करगढ़ थाना पुलिस ने प्रभावी कार्रवाई करते हुए बजरी से भरे एक ट्रेलर और उसे एस्कॉर्ट कर रही ब्रेजा कार को जब्त कर लिया।

थाना प्रभारी पूरणमल ने जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह के निर्देशन में अवैध खनन पर सख्ती बरती जा रही है। गश्त के दौरान संदिग्ध गतिविधि नजर आने पर पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए ट्रेलर और कार को रोककर जांच की, जिसमें अवैध बजरी परिवहन का मामला सामने आया।

पुलिस ने मौके से ट्रेलर चालक सहित ब्रेजा कार में सवार दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपियों में हेमराज (23) पुत्र सोजी राम गुर्जर निवासी भेरू खेड़ा शक्करगढ़, कुलवंत (24) पुत्र



देवराज सिंह निवासी शाहपुरा तथा रामप्रसाद (22) पुत्र कालू लाल गुर्जर निवासी पारोली शामिल हैं।

तीनों आरोपियों के खिलाफ एमडीआर एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

इस कार्रवाई में थाना प्रभारी पूरणमल के साथ हेड कॉन्स्टेबल सियाराम, कॉन्स्टेबल रोहिताश और मंगलराम की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## जिला न्यायालय की आवंटित भूमि के पास मिले मृत गौवंश, अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

शहर के सुभाष नगर थाना क्षेत्र में पालड़ी रोड स्थित बीड़ा के महादेव मंदिर के पास दो मृत गौवंश मिलने का मामला सामने आया है। पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार, 2 अप्रैल को थाना सुभाष नगर में तैनात हेड कांस्टेबल भैरूलाल गश्त के दौरान कस्बा सांगानेर क्षेत्र में थे। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि पालड़ी रोड पर बीड़ा के महादेव मंदिर के पास सड़क किनारे दो मृत गौवंश पड़े हुए हैं।

सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची, जहां मंदिर से करीब 100 फीट आगे सड़क किनारे दो मृत गौवंश मिले। उक्त स्थान के समीप जिला न्यायालय भीलवाड़ा के लिए आवंटित भूमि भी स्थित है।

मौके पर नगर निगम के पूर्व मृत पशु ठेकेदार मनोज चमार को बुलाकर दोनों मृत गौवंश को वाहन के माध्यम से हटवाया गया।

जांच में सामने आया है कि किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा संक्रमण फैलाने की नियत से मृत गौवंश को वहां डलवाया गया। इस संबंध में पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। फिलहाल पुलिस अज्ञात आरोपी की तलाश में जुटी हुई है।

## गोपालपुरा स्कूल में पांच दिन बाद फिर ताले टूटे

### गैस सिलेंडर चोरों की वारदात, पुलिस निष्क्रिय

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलियां**

गोपालपुरा हायर सेकण्डरी स्कूल में पांच दिन पहले 29 मार्च को दो गैस सिलेंडर चोरी के बाद आज फिर चोरों ने ताला तोड़कर गैस की भरी टंकी चुरा ली। हैरानी की बात है कि पिछली बार की तरह इस बार भी चोर खाली टंकी नहीं ले जाकर भरी टंकी उठा ले गए। इससे यह स्पष्ट होता है कि चोरों का मकसद गैस भरी टंकियां उठाने का ही था।

प्रधानाचार्य कमलेश कुमार भील ने बताया कि विद्यालय आज गुड फ्राइडे का अवकाश चलते बंद था। पिछली बार भी 29 मार्च को अवकाश का मौका देखकर चोर खाली टंकियों को छोड़कर दो भरी गैस टंकियां उठा ले गए। चोरी की वारदात भी उसी तरीके की थी। सरिये से ताले और कुंदी तोड़ी गई। पिछली बार की तरह सरिया भी मौके पर छोड़ गये। दो टंकियां चोरी होने के बाद स्टाफ ने पास के इन्द्रपुरा स्कूल से



टंकी मंगाकर विद्यार्थियों के लिए पोषाहार बनवाया था।

क्षेत्र में गैस टंकियां चुराने की वारदातें बढ़ने के बावजूद भी पुलिस के सक्रिय नहीं होने से चोरों के हौंसले बुलंद हैं।

शिक्षकों का कहना है कि अधिकांश विद्यालय आबादी क्षेत्र से दूर होने से चोरी की घटनाएं बढ़ रही है।


'भीलवाड़ा फोकस'

अपने शहर और गाँव के समाचार, सूचनाएँ, सार्वजनिक घोषणाएँ या विज्ञापन प्रकाशित करवाने के लिए संपर्क करें।

Mo. 8696795959

Bhilwarafocus@gmail.com

BHILWARA Focus

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ

# अवैध बजरी खनन पर बड़लियास पुलिस की कार्यवाही, ट्रैक्टर ट्रॉली जप्त



भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर


( सांवर वैष्णव ):- सवाईपुर क्षेत्र के बड़लियास थाना पुलिस ने अवैध बजरी खनन के खिलाफ कार्रवाई करते हुए आज थाना क्षेत्र के भाकलिया गांव में बनास नदी में कार्रवाई करते हुए एक ट्रैक्टर ट्राली को जब्त किया ।

थाना प्रभारी मुन्नीराम चोयल ने बताया कि आज शुक्रवार को पुलिस थाना बडलियास के द्वारा भाकलिया गांव के पास बनास नदी में अवैध बजरी खनन करते पाए जाने पर एक ट्रैक्टर ट्राली को जप्त कर प्रकरण दर्ज किया गया ।

पुलिस की इस कार्रवाई के दौरान एएसआई गोपाल लाल, कांस्टेबल सूर्यज्ञान सिंह, बाबूलाल आदि शामिल थे ।।

# आयुर्वेद चिकित्सा संस्थानों के जीर्णोद्धार की मांग को लेकर विधायक कोठारी ने राज्य सरकार से किया आग्रह

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा



भीलवाड़ा विधायक अशोक कुमार कोठारी ने राज्य सरकार से शहर में संचालित आयुर्वेद चिकित्सा संस्थानों एवं चिकित्सालयों के भवनों का जीर्णोद्धार, मरम्मत एवं रखरखाव कराए जाने का आग्रह किया है।

विधायक कोठारी ने कहा कि भीलवाड़ा शहर व जिले में संचालित कई आयुर्वेद चिकित्सा संस्थानों के भवन लंबे समय से मरम्मत और रखरखाव की आवश्यकता महसूस कर रहे हैं। इन संस्थानों में प्रतिदिन बड़ी संख्या में मरीज उपचार एवं परामर्श के लिए आते हैं, ऐसे में भवनों की समुचित स्थिति बनाए रखना आवश्यक है ताकि आमजन को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध हो सकें।

उन्होंने बताया कि राज्य सरकार ने इस वर्ष के बजट में आयुर्वेद चिकित्सालयों एवं संस्थानों की मरम्मत, जीर्णोद्धार और रखरखाव कार्यों के लिए 10 करोड़ रुपये की स्वीकृति प्रदान की है। यह निर्णय आयुष सेवाओं को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

विधायक कोठारी ने राज्य सरकार से मांग की है कि इस स्वीकृत राशि में से भीलवाड़ा शहर व जिले के आयुर्वेद चिकित्सा संस्थानों को भी प्राथमिकता के आधार पर शामिल किया जाए, ताकि भवनों की आवश्यक मरम्मत एवं जीर्णोद्धार कार्य शीघ्र कराए जा सकें।

उन्होंने कहा कि आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति के प्रति लोगों का विश्वास लगातार बढ़ रहा है और बड़ी संख्या में नागरिक इन संस्थानों से लाभान्वित हो रहे हैं। ऐसे में इन भवनों का सुदृढ़ एवं व्यवस्थित होना समय की मांग है।

विधायक कोठारी ने विश्वास जताया कि राज्य सरकार भीलवाड़ा की इस आवश्यक मांग पर सकारात्मक निर्णय लेकर शहरवासियों को बेहतर आयुष चिकित्सा सुविधाओं की सौगात देगी।

# नोहरा विष्णु महायज्ञ की कल होगी पूर्णाहुति

## श्रीमद् भागवत कथा की हुई पूर्णाहुति



भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर

( सांवर वैष्णव ):- सवाईपुर कस्बे के निकटवर्ती नोहरा ( जित्यास ) गांव में काली छाट के देवनारायण मंदिर प्रांगण में चल रहे 21 कुंडात्मक विशाल श्री विष्णु महायज्ञ एवं श्रीमद् भागवत कथा के आठ वें दिन शुक्रवार को स्थापित देवी-देवताओं की पूजा-अर्चना कर देवनारायण भगवान के नाम आहुतियां लगाई, । वही शुक्रवार को श्रीमद् भागवत कथा की पूर्णाहुति हुई । ग्रामीणों ने बताया कि काली छाट के देवनारायण मंदिर पर 2 दिसंबर 2025 से अखंड रामायण पाठ की पूर्णाहुति के उपलक्ष्य पर श्री विष्णु महायज्ञ व श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन को लेकर नौ दिवसीय 21 कुंडात्मक श्री विष्णु महायज्ञ की शुरुआत शुक्रवार को कलश यात्रा के साथ हुई । सह यज्ञाचार्य हरिशंकर दाधिच ने बताया कि आठवें दिन शुक्रवार को प्रातः 8 बजे मंडप प्रवेश कर स्थापित देवी-देवताओं की पूजा-अर्चना की । यज्ञाचार्य पंडित धर्म नारायण वैदाचार्य के मंत्रोच्चार के साथ शुक्रवार को स्थापित देवी देवताओं व चारभुजा नाथ की पूजा अर्चना की । वही पंडितों के वैदिक मंत्रोचार के साथ 21 हवन कुंड में 40 जोड़ों ने 71 हजार आहुतियां लगाई । वहीं स्वामी जगदीश पुरी जी महाराज हनुमद् धाम गोशाला, शक्करगढ़ के मुखारविंद द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत कथा का शुक्रवार को भागवत हवन के बाद भागवत कथा की पूर्णाहुति हुई । वहीं कल शनिवार 4 अप्रैल को दोपहर 12:15 बजे अभिजीत मुहूर्त में पूर्णाहुति होगी और उत्तर पूजन महाआरती के बाद भंडारा प्रसादी का भोग लगाकर प्रसादी वितरण की जाएगी ।।

# भीलवाड़ा डीएमएफटी गवर्निंग काउंसिल की बैठक आयोजित

## शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल सहित आधारभूत सुविधाओं के कार्यों की समीक्षा

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।



भीलवाड़ा डिस्ट्रिक्ट मिनरल फाउन्डेशन ट्रस्ट (डीएमएफटी) की गवर्निंग काउंसिल की बैठक शुक्रवार को जिला कलेक्टर एवं अध्यक्ष डीएमएफटी जसमीत सिंह संधू की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई।

बैठक में सांसद दामोदर अग्रवाल, सहाड़ा विधायक लादूलाल पितलिया, माण्डलगढ़ विधायक गोपाललाल शर्मा, भीलवाड़ा विधायक अशोक कोठारी, शाहपुरा विधायक लालाराम बैरवा, माण्डल विधायक उदयलाल भड़ाना सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

बैठक में खनन प्रभावित क्षेत्रों के समग्र एवं सतत विकास को लेकर विभिन्न महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल, सड़क, स्वच्छता एवं अन्य आधारभूत सुविधाओं से जुड़े कार्यों की प्रगति की गहन समीक्षा की गई।

सांसद अग्रवाल ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी कार्य गुणवत्तापूर्ण तरीके से निर्धारित समय में पूर्ण किए जाएं। साथ ही बेहतर समन्वय के साथ कार्य करते हुए अधिक से अधिक जरूरतमंद लोगों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने पर जोर दिया।

जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि डीएमएफटी के अंतर्गत स्वीकृत कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर तय समय सीमा में पूरा किया जाए तथा सभी कार्यों में गुणवत्ता और पारदर्शिता सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि योजनाओं का क्रियान्वयन इस प्रकार हो कि आमजन को उसका वास्तविक लाभ मिल सके।

बैठक में विभागों द्वारा प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की गई तथा नए प्रस्तावों पर विचार कर आवश्यक स्वीकृतियां प्रदान की गईं। कलेक्टर ने लंबित कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने और योजनाओं की सतत मॉनिटरिंग के निर्देश भी दिए। बैठक में गवर्निंग काउंसिल के सदस्य एवं संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# गौ माता से कुकृत्य के विरोध में विहिप-बजरंग दल का आक्रोश प्रदर्शन आज

## 72 घंटे के अल्टीमेटम के बाद सड़कों पर उतरेगा सकल हिन्दू समाज, शाम 5 से 7 बजे तक धरना

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

शहर में गौ माता के साथ लगातार हो रही घटनाओं को लेकर विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल द्वारा आक्रोश प्रदर्शन किया जाएगा। महानगर मंत्री ओमप्रकाश लड्ढा एवं महानगर संयोजक मुकेश प्रजापत ने बताया कि बीते 25 दिनों में शहर में गौ माता के साथ दो बार योजनाबद्ध तरीके से कुकृत्य की घटनाएं सामने आई हैं, जिससे शांतिप्रिय शहर का माहौल बिगाड़ने का प्रयास किया गया है।

उन्होंने कहा कि गौ माता, जिसे हिन्दू समाज में पूजनीय माना जाता है और जिसमें 36 करोड़ देवी-देवताओं का वास माना जाता है, उसके साथ इस प्रकार की घटनाओं से सकल हिन्दू समाज में भारी रोष व्याप्त है।

पूर्व में विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल द्वारा जिला कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपकर 72 घंटे का अल्टीमेटम दिया गया था। निर्धारित समयावधि में संतोषजनक कार्रवाई नहीं होने पर अब आंदोलन का निर्णय लिया गया है।

इसी क्रम में 4 अप्रैल को सायं 5 बजे से 7 बजे तक बजरंगी चौराहा (सूचना केंद्र) पर सकल हिन्दू समाज एवं विश्व हिंदू परिषद के तत्वावधान में दो घंटे का आक्रोश प्रदर्शन एवं धरना दिया जाएगा।

महानगर जिलाध्यक्ष रामप्रकाश बहेडिया ने अधिक से अधिक संख्या में हिन्दू समाज के लोगों से उपस्थित होकर आंदोलन को सफल बनाने का आह्वान किया है।

# स्नेहमिलन में संगठन की मजबूती पर जोर, आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तय

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा



जैन श्वेताम्बर सोशल रॉयल ग्रुप फेडरेशन के तत्वाधान में आयोजित स्नेहमिलन कार्यक्रम में संगठन की गतिविधियों को और अधिक प्रभावी बनाने पर मंथन किया गया तथा आगामी कार्यक्रमों की विस्तृत रूपरेखा तैयार की गई। शहर के एक निजी रेस्टोरेंट में आयोजित इस आयोजन में सदस्यों की उत्साहपूर्ण भागीदारी देखने को मिली।

सचिव नेहा विवेक छाजेड, अनिल सरोज बाफना ने बताया की कार्यक्रम की शुरुआत नवकार महामंत्र उच्चारण व नए सदस्यों के स्वागत से हुई, जहां उनका आत्मीय अभिनंदन कर संगठन की कार्यप्रणाली से अवगत कराया गया। इसके बाद उपस्थित सदस्यों के लिए विभिन्न प्रकार की मनोरंजक एवं खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें सभी ने बढ़-चढ़कर भाग लेते हुए आपसी सौहार्द और उत्साह का परिचय दिया।

संस्थापक अध्यक्ष ज्योति विश्वास सांखला तथा अध्यक्ष मुकेश सरोज सिसोदिया ने बताया की स्नेहमिलन के दौरान अब तक आयोजित सामाजिक, सांस्कृतिक एवं सेवा गतिविधियों की विस्तार से समीक्षा की गई। उन्होंने पिछले कार्यक्रमों की सफलता पर संतोष व्यक्त करते हुए भविष्य में और अधिक प्रभावी एवं जनहितकारी आयोजन करने की आवश्यकता पर बल दिया। इसी क्रम में आगामी दिनों में आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार कर उनकी जिम्मेदारियां भी निर्धारित की गईं।

संरक्षक राजेंद्र प्रीति गुगलिया व पूर्व अध्यक्ष सुदर्शन रेखा पीपाड़ा ने कहा कि इस प्रकार के स्नेहमिलन कार्यक्रम न केवल संगठन की एकता को मजबूत करते हैं, बल्कि सदस्यों के बीच आपसी समन्वय, सहयोग और सहभागिता की भावना को भी बढ़ाते हैं। मनीष बम्ब ने बताया की कार्यक्रम का समापन आपसी सौहार्द एवं संगठन को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने के संकल्प के साथ हुआ। इस दौरान कोषाध्यक्ष संदीप चेतना चपलोत, उपाध्यक्ष प्रेरणा राकेश लोढ़ा आदि उपस्थित थे।




QUICK BITES

## ग्रीष्मावकाश सहित अन्य अवकाशों में मनमानी कटौती को वापस लेने की मांग को लेकर शिक्षक संघ (सियाराम) ने किया आंदोलन का एलान

**जयपुर में आयोजित प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक में लिया निर्णय**

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

राजस्थान शिक्षक संघ (सियाराम) के संरक्षक मंडल एवं नवनिर्वाचित प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक संगठन के लाल कोठी जयपुर स्थित प्रांतीय कार्यालय में प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र शर्मा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। यह जानकारी देते हुए राजस्थान शिक्षक संघ (सियाराम) के जिलाध्यक्ष राजेंद्र कुमार शर्मा और जिला मंत्री महेश मंडोवरा ने बताया कि बैठक में उपस्थित सभी पदाधिकारियों ने शिविरा पंचांग 2026-27 में ग्रीष्मावकाश व संस्था प्रधान द्वारा घोषित अवकाश में कटौती का कड़ा विरोध किया है।राजस्थान की भौगोलिक परिस्थितियों व भीषण गर्मी को देखते हुए जून माह में विद्यालय खोलना पूर्णतया अव्यावहारिक है।क्षेत्रीय व स्थानीय उत्सवों एवं आयोजनों में राजकीय अवकाश नहीं होने पर भी वहाँ के शत प्रतिशत बालकों की भागीदारी उसमें रहती है,इसी कारण से संस्था प्रधान द्वारा दो अवकाश घोषित किए जाने का प्रावधान रखा गया हैं,इसमें कटौती किया जाना समझ से परे हैं।प्रदेश संगठन मंत्री लीलाधर तिवाड़ी ने बताया कि बैठक में चर्चा हुई कि शिक्षा विभाग द्वारा इस प्रकार के गलत व अव्यावहारिक निर्णय लेने से सरकार की छवि भी धूमिल हुई है।प्रदेश सह संगठन महामंत्री प्रेमशंकर जोशी के अनुसार विभिन्न प्रकार के अवकाशों में की गई कटौती को तत्काल दूर कर शिविरा कैलेंडर में संशोधन की मांग को लेकर संगठन ने आंदोलन की घोषणा की है।आंदोलन के विभिन्न चरणों में 7 अप्रैल को सभी शिक्षक काली पट्टी बांधकर विरोध प्रदर्शन करेंगे,8 अप्रैल को उपशाखा स्तर से उपखंड अधिकारी व 20 अप्रेल को जिला स्तर से जिला कलेक्टर को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन दिया जाएगा।18 मई को शिक्षा मंत्री के विधानसभा क्षेत्र रामगंजमंडी में विरोध प्रदर्शन करते हुए विशाल शिक्षक रैली निकाली जाएगी।बैठक को सम्बोधित करते हुए मुख्य संरक्षक सियाराम शर्मा ने कहा कि शिक्षा मंत्री के सलाहकारों की अदूरदर्शिता एवं विभागीय नासमझी के कारण शिक्षा, शिक्षार्थियों व शिक्षकों से जुड़े महत्त्वपूर्ण मुद्दों पर समय पर निर्णय नहीं लिया जा रहा है,जिससे राज्य में शिक्षा व शिक्षार्थियों का बहुत बड़ा नुकसान हो रहा है। बैठक में कई प्रमुख प्रदेश पदाधिकारी उपस्थित थे। अंत में प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र शर्मा ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## भक्ति और श्रद्धा के संगम से गूंजा काशीपुरी धाम, भव्य सुंदरकांड पाठ एवं भजन संध्या संपन्न

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**





श्री हनुमान जन्मोत्सव के पावन अवसर पर श्री श्याम सेवा समिति (रजि.) काशीपुरी धाम, भीलवाड़ा द्वारा श्री श्याम मंदिर परिसर में संगीतमय सुंदरकांड पाठ एवं भजन संध्या का अत्यंत भव्य एवं दिव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं, महिलाओं एवं युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर हनुमान जी की भक्ति में लीन होकर वातावरण को पूर्णतः भक्तिमय बना दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ विधिवत पूजन के साथ हुआ, जिसके पश्चात संगीतमय सुंदरकांड पाठ किया गया। पूरे मंदिर परिसर में जय श्री राम एवं बजरंगबली की जय के जयकारों से माहौल गूंज उठा। श्रद्धालु पूरे समय भक्ति में तल्लीन होकर पाठ का आनंद लेते रहे। भजन संध्या में भजन गायक अक्षत अग्रवाल एवं पारस बैरिवाल ने एक से बढ़कर एक सुंदर भजनों की प्रस्तुति दी। उनके मधुर स्वर और भावपूर्ण गायन ने उपस्थित श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। भजनों के दौरान कई श्रद्धालु झूम उठे और पूरा वातावरण भक्ति, उत्साह और आनंद से सराबोर हो गया। कार्यक्रम के समापन पर श्रद्धा एवं आस्था के साथ सामूहिक आरती की गई, जिसमें सभी श्रद्धालुओं ने भाग लेकर हनुमान जी का आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके पश्चात सभी को प्रसाद वितरण किया गया। समिति के अध्यक्ष सुरेश पोदार ने बताया कि इस प्रकार के धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं तथा लोगों को एकजुट कर आपसी प्रेम एवं भाईचारे को बढ़ावा देते हैं। कार्यक्रम की सफलता में श्री श्याम सेवा समिति काशीपुरी धाम के सभी सदस्यों का विशेष सहयोग रहा, जिनकी मेहनत एवं समर्पण से यह आयोजन भव्य एवं सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

भीलवाड़ा फोकस
भीलवाड़ा की बात फोकस के साथ

एक सशक्त पत्रकारिक मंच से जुड़ने का सुनहरा अवसर!

"भीलवाड़ा फोकस" को अपने नेटवर्क के विस्तार हेतु योग्य एवं उत्साही संवाददाताओं की जहाजपुर | गुलाबपुरा | आसिंद | मांडल | गंगापुर | माण्डलगढ़ । बदनौर सहित भीलवाड़ा जिला मुख्यालय पर अनुभवी क्राइम रिपोर्टर की आवश्यकता है ।

क्या आपके पास है –

- समाचारों को पकड़ने की तेज़ नजर ?
- निष्पक्षता, निडरता और पत्रकारिता के प्रति समर्पण ?
- डिजिटल रिपोर्टिंग या प्रिंट मीडिया का अनुभव ?

तो फिर देर किस बात की? अभी जुड़िए - "भीलवाड़ा फोकस" परिवार के साथ।

संपर्क करें: मो. 8696795959 ईमेल: bhilwarafocus@gmail.com
वेब: www.bhilwarafocus.com

# मांडलगढ़ क्षेत्र की सराणा स्कूल के छात्रों ने बढ़ाया गांव का मान, ग्रामीणों ने निकाला छात्रों का जुलूस

**सराणा राजकीय सिनियर सेकण्डरी स्कूल के 38 छात्रों ने 12वी की दी परीक्षा,38 ही हुए प्रथम श्रेणी में उतीर्ण**

**भीलवाड़ा फोकस @ मांडलगढ़।**

12वी कक्षा के परीक्षा परिणाम ने इस बार गावो का ही नही उपखण्ड का नाम जिले रोशन किया है। हम बात कर रहे है उपखण्ड क्षेत्र के सराणा राजकीय सीनियर सेकंडरी की 12वी के छात्रों की। इस स्कूल में सभी 38 छात्रों ने परीक्षा दी और सभी प्रथम श्रेणी में उतीर्ण भी हुए है। छात्रों का मार्गदर्शन विद्यालय के संस्थाप्रधान राकेश कुमार उदय व इनके स्टाफ द्वारा नियम व तरिके से छात्रों का कुशल अध्यापन कार्य करवाकर यह उपलब्धि प्राप्त की है।



ग्रामीण लादूलाल कुमावत, गोपाल लाल जाट,जगदीशचंद्र शर्मा,धन्ना लाल कुमावत, शैतान कुमावत, लोकेश सेन, अशोक कुमावत, राजेश चौधरी सहित अन्य ग्रामीणों ने हर्ष व्यक्त करते हुए 12वी कक्षा के परीक्षा परिणाम में सभी 38 छात्रों के प्रथम श्रेणि से उतीर्ण होने पर गांव में ढोल-नगाड़ों के साथ जुलूस निकाला व श्रेष्ठ अंकों से उतीर्ण हुए छात्रों का उत्साहवर्धन किया। ग्रामीणों ने विद्यालय स्टाफ का फूल-मालाओं से स्वागत किया वही जगह-जगह छात्रों की ग्रामीणों द्वारा होंसला अफजाई की गई एवं उनके उज्वल भविष्य की मंगलकामना की गई।

उधर छात्रों के प्रथम श्रेणी में उतीर्ण होने पर ग्रामीणों में उत्साह का माहौल नजर आया।

# बनेड़ा में विकास कार्यों की सौगात, विधायक डॉ. लालाराम बैरवा ने किया शिलान्यास व लोकार्पण

**भीलवाड़ा फोकस @ बनेड़ा**

**परमेश्वर ।** शाहपुरा-बनेड़ा विधानसभा क्षेत्र के उपखंड मुख्यालय बनेड़ा में गुरुवार को विभिन्न विकास कार्यों का शिलान्यास एवं लोकार्पण क्षेत्रीय विधायक डॉ. लालाराम बैरवा द्वारा विधिवत रूप से किया गया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में आमजन, जनप्रतिनिधि तथा प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान क्षेत्र के विकास से जुड़े कई महत्वपूर्ण प्रकल्पों की सौगात दी गई। कार्यक्रम में विधायक डॉ. बैरवा ने क्षेत्र की आधारभूत सुविधाओं को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल करते हुए बनेड़ा रोडवेज बस स्टैंड के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि बस स्टैंड के निर्माण से बनेड़ा सहित आसपास के गांवों के लोगों को बेहतर परिवहन सुविधा उपलब्ध होगी। साथ ही यात्रियों को बसों के इंतजार के दौरान छाया, बैठने की



व्यवस्था और अन्य आवश्यक सुविधाएं भी मिल सकेंगी।

इस दौरान विधायक ने अटल प्रगति पथ का भी लोकार्पण किया। लगभग 4 करोड़ 50 लाख रुपये की लागत से निर्मित इस सड़क के बनने से क्षेत्र में आवागमन और अधिक सुगम हो जाएगा। सड़क के निर्माण से ग्रामीणों को आने-जाने में सुविधा मिलेगी तथा व्यापारिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा। स्थानीय लोगों ने इस सड़क को क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण बताया। इसके साथ ही विधायक डॉ. बैरवा ने बनेड़ा में अम्बेडकर भवन का भी लोकार्पण किया। यह भवन सामाजिक, शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों के आयोजन के लिए उपयोगी साबित होगा। यहां विभिन्न सामाजिक कार्यक्रम, बैठकें तथा सामुदायिक आयोजन किए जा सकेंगे, जिससे क्षेत्र के सामाजिक विकास को नई दिशा मिलेगी।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक डॉ. लालाराम बैरवा ने कहा कि राज्य सरकार क्षेत्र के समग्र विकास के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि सड़क, भवन, पेयजल, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी मूलभूत सुविधाओं के विकास को प्राथमिकता दी जा रही है। उन्होंने आश्वस्त किया कि आने वाले समय में भी क्षेत्र में और अधिक विकास कार्य करवाए जाएंगे तथा जनता की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा। इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधि, विभिन्न विभागों के अधिकारी, सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी तथा बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान लोगों ने विधायक का स्वागत कर क्षेत्र में किए जा रहे विकास कार्यों के लिए आभार व्यक्त किया।

# तीन दिवसीय हनुमान जन्मोत्सव सम्पन्न, भव्य भजन संध्या में झूमे श्रद्धालु

**भीलवाड़ा फोकस @ बनेड़ा ।,**

**परमेश्वर,** कस्बे में हनुमान जयंती के अवसर पर स्थित श्री घाटी के बालाजी, श्री गूंदी के हनुमान जी सहित क्षेत्र के सभी हनुमान मंदिरों में हनुमान जन्मोत्सव श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। तीन दिवसीय हनुमान जन्मोत्सव के अंतर्गत तीसरे दिन विशाल भजन संध्या का आयोजन किया गया, जिसमें देर रात तक श्रद्धालु भक्तिरस में सराबोर रहे।

गूंदी के हनुमान मंदिर के पुजारी जितेंद्र आचार्य और आयोजन समिति के गणेश भण्डारी ने बताया कि 2 अप्रैल को मंदिर परिसर में विशेष धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस दौरान बालाजी का आकर्षक श्रृंगार कर चोला चढ़ाया गया और दिव्य दरबार के दर्शन के लिए मंदिर दिनभर श्रद्धालुओं के लिए खुला रहा। शाम को महाआरती के पश्चात भक्तों को प्रसाद वितरण किया गया। इसके बाद रात्रि 9 बजे से ख्यातनाम कलाकारों द्वारा भजनों की प्रस्तुतियां दी गई, जो देर रात तक जारी रहीं।

घाटी के हनुमान जी मंदिर मेला आयोजन समिति के यशवंत सिंह परिहार ने बताया



कि बनेड़ा कस्बे के आराध्य देव, जागृत शक्ति श्री घाटी के बालाजी के यहां तीन दिवसीय हनुमान जन्मोत्सव का शुभारंभ मंगलवार को श्री श्री 1008 देवा दास जी महाराज के सानिध्य में रामचरित मानस पाठ के साथ हुआ। दूसरे दिन बुधवार को पाठ के समापन के बाद नवल भारद्वाज और उनकी टीम द्वारा रात्रि 8:15 बजे संगीतमय सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। तीसरे दिन 2 अप्रैल को हनुमान जयंती के अवसर पर श्री घाटी के बालाजी का विशेष श्रृंगार कर चोला चढ़ाया गया। सुबह से ही भक्तों के लिए दिव्य दर्शन प्रारंभ हो गए, जो देर रात तक जारी रहे। दिन में 1 बजे से भव्य मेले का आयोजन किया गया, जहां क्षेत्र के बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। इसी क्रम में राजस्थान के प्रसिद्ध भजन गायक पूरण गुर्जर एंड पार्टी द्वारा विशाल भजन संध्या प्रस्तुत की गई। भजनों की मधुर प्रस्तुतियों ने श्रद्धालुओं को देर रात तक बांधे रखा। पूरण गुर्जर द्वारा प्रस्तुत भजन ' नानेरा में नाना नानी कोने रे उदल घरा के ऊपर ताला लाग्योड़ा रे...' पर श्रोतागण मंत्रमुग्ध होकर झूम उठे।

हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी बनेड़ा कस्बे में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के तत्वावधान में आयोजित यह शोभायात्रा श्री चारभुजा नाथ मंदिर से शाम 4:15 बजे उत्साही युवाओं के साथ रवाना हुई। शोभायात्रा मुख्य बाजार और प्रमुख मार्गों से होती हुई श्री घाटी के बालाजी मंदिर पहुंचकर सम्पन्न हुई।

शोभायात्रा के दौरान अखाड़ा प्रदर्शन और महाकाल की आरती श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण का केंद्र रही। वहीं क्षेत्रीय विधायक डॉ. लालाराम बैरवा ने भी दोपहर बाद घाटी के हनुमान जी मंदिर पहुंचकर दर्शन किए और क्षेत्र की जनता की सुख-समृद्धि की कामना की।

# 'ब्रह्म देश सू आईया, धर रामचरण नाम, भक्ति राज जमाय कै, फिर पहुँच्या वाही ठाम'

**रामनिवास धाम में 25 परिवारों को राशन वितरण, सेवा-भक्ति का अद्भुत संगम**

**भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा**

**मूलचंद पेसवानी**

आस्था, भक्ति और सेवा का अद्भुत संगम शुक्रवार को शाहपुरा स्थित रामनिवास धाम में देखने को मिला, जहां रामस्नेही संप्रदाय के संस्थापक महाप्रभु स्वामी रामचरण महाराज के 228वें निर्वाण महोत्सव का भव्य शुभारंभ हुआ। पांच दिवसीय इस महोत्सव की शुरुआत राम नाम जप यज्ञ के साथ हुई, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा।

महोत्सव के प्रथम दिन कार्यवाहक भंडारी संत नवनीध राम महाराज ने अपने ओजस्वी प्रवचनों से श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। उन्होंने कहा– 'ब्रह्म देश सू आईया, धर रामचरण जी नाम, भक्ति राज जमाय कै, फिर पहुँच्या वाही ठाम। '

इस दोहे के माध्यम से उन्होंने मानव जीवन के उद्देश्य और गुरु की महिमा को सरल भाषा में समझाया।



संत नवनीध राम महाराज ने गुरु और आचार्य के कर्तव्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जीव परमात्मा की अमूल्य संपत्ति है, जो अज्ञानवश भगवान से दूर हो जाता है। गुरु ही वह सेतु हैं, जो जीव को पुनः परमात्मा से जोड़ते हैं और उसे उनके चरणों में समर्पित कर देते हैं। उन्होंने कहा कि जब भगवान अपनी खोई हुई संपत्ति–अर्थात जीव–को वापस पाते हैं, तो वे अत्यंत प्रसन्न होते हैं।

अपने प्रवचन में उन्होंने एक सुंदर उदाहरण भी प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि जैसे किसी राजा के महल में सात परकोटे होते हैं और एक साधारण व्यक्ति को राजा के दर्शन के लिए हर परकोटे को पार करना पड़ता है, वैसे ही गुरु हमें एक-एक चरण से आगे बढ़ाते हुए अंततः भगवान के साक्षात्कार तक पहुंचाते हैं। जब अंतिम परकोटे में राजा के दर्शन हो जाते हैं, तब कोई संशय नहीं रहता–ठीक उसी प्रकार भगवान के साक्षात्कार के बाद सभी प्रश्न समाप्त हो जाते हैं।

महोत्सव के इस पावन अवसर पर सेवा का भी उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया गया। संत नवनीध राम महाराज की प्रेरणा से शाहपुरा के समाजसेवी रामहेत धुमस द्वारा 25 जरूरतमंद परिवारों को राशन सामग्री का वितरण किया गया। इस पुनीत कार्य के लिए रामनिवास धाम की ओर से धुमस परिवार का आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम में सूर्यप्रकाश बिड़ला, कैलाश चंद्र तोषनीवाल, रामेश्वर लाल बसेर, दीनदयाल मारू, नारायण सिंह, राकेश सोमाणी सहित अनेक रामस्नेही भक्त उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर राम नाम का स्मरण करते हुए महोत्सव को भक्तिमय बना दिया।

गौरतलब है कि यह निर्वाण महोत्सव 3 अप्रैल से 7 अप्रैल 2026 तक विभिन्न धार्मिक और आध्यात्मिक आयोजनों के साथ धूमधाम से मनाया जाएगा। आने वाले दिनों में भजन, सत्संग और विशेष अनुष्ठानों के माध्यम से श्रद्धालु धर्मलाभ अर्जित करेंगे।

# भीलवाड़ा में महाआरती एवं विशाल भंडारा 5 अप्रैल को, भक्तों में उत्साह

## श्री भीत के बालाजी नवयुवक मंडल द्वारा आयोजन, सुबह 10.15 बजे से होगा भव्य कार्यक्रम

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**




भीलवाड़ा शहर में धार्मिक आस्था और उत्साह का माहौल देखने को मिल रहा है। आगामी 5 अप्रैल 2026, रविवार को श्री भीत के बालाजी नवयुवक मंडल एवं समस्त भक्तगणों के तत्वावधान में महाआरती एवं विशाल भंडारा का भव्य आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम माता अंजनी के लाल एवं श्रीराम के दुलारे हनुमानजी के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में आयोजित होगा, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। आयोजन का शुभारंभ प्रातः 10.15 बजे से होगा और यह कार्यक्रम प्रभु इच्छा तक चलेगा। आयोजन स्थल श्री भीत के बालाजी मंदिर, मंगला चौक, भीलवाड़ा निर्धारित किया गया है। कार्यक्रम के दौरान विधिवत पूजा-अर्चना, भजन-कीर्तन और महाआरती का आयोजन होगा, जिसके पश्चात सभी श्रद्धालुओं के लिए विशाल भंडारे की व्यवस्था की गई है। आयोजकों ने शहरवासियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर पुण्य लाभ प्राप्त करने का आग्रह किया है। इस आयोजन को लेकर क्षेत्र में विशेष तैयारियां की जा रही हैं और श्रद्धालुओं में भारी उत्साह देखा जा रहा है।

# आजाद नगर माहेश्वरी महिला संगठन का दायित्व सोपान कार्यक्रम सम्पन्न

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**







आजाद नगर माहेश्वरी महिला संगठन द्वारा प्रथम सत्र का दायित्व सोपान कार्यक्रम का भव्य आयोजन स्थानीय माहेश्वरी भवन में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ द्वीप प्रज्वलन एवं महेश वंदना के साथ हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर अध्यक्ष वीणा मोदी नगर सचिव विनीता तोषनीवाल रहे। आयोजन में बड़ी संख्या में महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। अध्यक्ष प्रेम सुधा अजमेरा ने बताया दायित्व सोपान कार्यक्रम के अंतर्गत पिछले सत्र के पदाधिकारी द्वारा कार्यभार सोपा गया। सचिव सुनीता ईनाणी द्वारा नवदुर्गा के रूपों का कार्यक्रम संचालन किया गया। इसके अंतर्गत विभिन्न सदस्यों द्वारा नवदुर्गा के नौ रूपों पर व्याख्यान प्रस्तुत किए गए जिसमें नवदुर्गा के नौ रूप शैलपुत्री, ब्रह्मचारिणी, चंद्रघंटा, कूष्मांडा, स्कंदमाता, कात्यायनी, कालरात्रि, महागौरी और सिद्धिदात्री का विशेष महत्व बताया गया। वक्ताओं ने इन रूपों के माध्यम से जीवन में साहस, धैर्य, शक्ति और समर्पण की प्रेरणा लेने का संदेश दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथियों ने अपने उद्बोधन में महिलाओं की समाज निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि नारी केवल परिवार ही नहीं, बल्कि पूरे समाज की आधारशिला होती है और उसका सशक्त होना अत्यंत आवश्यक है। कार्यक्रम के दौरान महिला मंडल की नई पदाधिकारियों को दायित्व सौंपे गए। सभी ने अपने-अपने कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करने का संकल्प लिया। साथ ही समाज में जागरूकता फैलाने और महिलाओं के उत्थान के लिए निरंतर कार्य करने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में मधु सोडाणी, पूनम माहेश्वरी, सुनीता चेचानी, कविता दुधानी सहित पायल की सहभागिता रही।

जिन सदस्यों ने नवदुर्गा के बारे में बताया उन्हें पारितोषिक प्रदान किया गया। कार्यक्रम में मानकवर काबरा, लीला काबरा, डॉ राखी राठी, संगीता काकानी, ममता चेचानी, शीतल बिड़ला, सुमन चौधरी, गोरी जागेटिया, प्रीति चांडक, अर्चना अजमेरा, कविता समदानी, अलका सोडाणी, उमा धुत, विद्या अजमेरा सहित करीब 60 सदस्यों की उपस्थिति रही। अंत में सभी ने अल्पाहार लिया।

# मीरा केन्द्र ने जीव दया और पर्यावरण संरक्षण के तहत किए टंकियां व परिंडे वितरित

## हमारी एक छोटी सी पहल प्रकृति में बड़ा सकारात्मक परिवर्तन ला सकती है: विमला रांका

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**



महावीर इंटरनेशनल मीरा केन्द्र द्वारा हनुमान जयंती के पावन अवसर पर सेवा और भक्ति का विशेष संगम आयोजित किया गया। सचिव सुमन अग्रवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि मीरा केन्द्र की सदस्याओं ने वन विभाग कार्यालय के सामने स्थित मंदिर में श्रद्धापूर्वक भजन-कीर्तन और सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया। आध्यात्मिक कार्यक्रम के पश्चात, वन विभाग परिसर में सहायक वन संरक्षक अधिकारी सज्जन सिंह कनवाडिया की अध्यक्षता में अपेक्स द्वारा संचालित पर्यावरण सेवा अभियान के अंतर्गत प्रकृति संरक्षण और पर्यावरण संतुलन हेतु जीव दया का कार्य किया गया। आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य के संकल्प के साथ संस्था द्वारा मूक पशुओं के लिए पानी की टंकियां और पक्षियों के लिए दाना-पानी के परिंडे वितरित किए गए। इस अवसर पर गवर्नर काउंसिल सदस्या मंजू खटवड और मीरा अध्यक्ष विमला रांका ने संबोधित करते हुए कहा कि किस प्रकार हमारी एक छोटी सी पहल प्रकृति में बड़ा सकारात्मक परिवर्तन ला सकती है।

इस नेक कार्य में वन्य जीव प्रभारी सत्यनारायण व्यास, संस्थापन अधिकारी जय राज देराश्री, रेंजर प्रशांत भट्ट, वनपाल चंद्रपाल सिंह, सहायक वनपाल सुखवंती जाट, वन रक्षक सत्य प्रकाश रेगर और तक्नीशियन तृतीय प्रहलाद माथुर सहित वन विभाग की टीम का विशेष सहयोग रहा।

कार्यक्रम में कोषाध्यक्ष सुधा बुलिया, पूर्व ट्रस्टी बलबीर चोरड़िया, पुष्पा मेहता, विजया चौधरी, शीला जैन, रजनी जैन, संतोष जागेटिया, गुणमाला अग्रवाल, कला कुदाल, पवन जीरावाला, उषा अग्रवाल, शोभा चौधरी, सुरभि चौधरी और सुनीता गांधी सहित कई सदस्याओं सामूहिक सहयोग रहा।

# जिला विकास समन्वय एवं निगरानी (दिशा) समिति की समीक्षा बैठक आयोजित

## जिले की विकास योजनाओं व जनकल्याणकारी कार्यक्रमों की हुई विस्तृत समीक्षा

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**



जिला विकास समन्वय एवं निगरानी (DISHA) समिति की समीक्षा बैठक का आयोजन शुक्रवार को सांसद श्री दामोदर अग्रवाल की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी एवं फ्लैगशिप योजनाओं की विभागवार समीक्षा करते हुए उनके प्रभावी एवं समयबद्ध क्रियान्वयन के निर्देश दिए गए।

इस दौरान भीलवाड़ा विधायक श्री अशोक कोठारी, शाहपुरा विधायक श्री लालाराम बैरवा, माण्डलगढ़ विधायक श्री गोपाल खंडेलवाल, मांडल विधायक श्री उदयलाल भड़ाना, जिला कलक्टर श्री जसमीत सिंह संधू जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री चंद्रभान सिंह भाटी सहित अन्य अधिकारी व जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

बैठक में सांसद श्री दामोदर अग्रवाल ने कहा कि सरकार की प्राथमिकता है कि विकास योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम छोर तक पहुंचे तथा प्रत्येक पात्र व्यक्ति को योजनाओं का लाभ समय पर प्राप्त हो। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि योजनाओं के क्रियान्वयन में गुणवत्ता, पारदर्शिता एवं जवाबदेही सुनिश्चित की जाए तथा फील्ड स्तर पर नियमित मॉनिटरिंग की जाए।

जिला कलक्टर श्री जसमीत सिंह संधू ने विभागवार प्रगति की समीक्षा करते हुए कहा कि सभी विभाग निर्धारित लक्ष्यों के अनुरूप कार्य करते हुए योजनाओं की प्रगति में तेजी लाएं। उन्होंने निर्देश दिए कि लंबित प्रकरणों का शीघ्र निस्तारण किया जाए तथा योजनाओं के अंतर्गत स्वीकृत कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण किया जाए।

बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना, महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा), जल जीवन मिशन, स्वच्छ भारत मिशन, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, पोषण अभियान, शिक्षा, सड़क, विद्युत एवं पेयजल से संबंधित योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक के दौरान योजनाओं की भौतिक एवं वित्तीय प्रगति, लक्ष्य प्राप्ति की स्थिति तथा विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत लंबित कार्यों पर विस्तार से चर्चा की गई। अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि वे योजनाओं के क्रियान्वयन में आने वाली बाधाओं को दूर कर कार्यों में तेजी लाएं तथा पात्र लाभार्थियों को समय पर लाभ उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

सांसद श्री दामोदर अग्रवाल ने कहा कि योजनाओं की सफलता के लिए आवश्यक है कि सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें तथा जनप्रतिनिधियों के साथ सतत संवाद बनाए रखें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे क्षेत्र में जाकर योजनाओं की वास्तविक स्थिति का आकलन करें तथा आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान करें।

बैठक में जनप्रतिनिधियों द्वारा क्षेत्रीय समस्याओं एवं सुझावों से अवगत कराया गया, जिनमें पेयजल, सड़क, विद्युत आपूर्ति, स्वास्थ्य सेवाएं एवं रोजगार के अवसरों से संबंधित विषय प्रमुख रहे। जिला प्रशासन द्वारा इन पर आवश्यक कार्यवाही हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए।

जिला कलक्टर श्री जसमीत सिंह संधू ने कहा कि सभी विभाग जनप्रतिनिधियों से प्राप्त सुझावों को प्राथमिकता दें तथा योजनाओं के क्रियान्वयन में आमजन की अपेक्षाओं के अनुरूप कार्य सुनिश्चित करें।

## QUICK BITES

### बनेड़ा पुलिस का बड़ा खुलासा: चोरी हुआ ट्रक बरामद, CCTV फुटेज से मिला सुराग

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

जिले में वाहन चोरी की वारदात का खुलासा करते हुए बनेड़ा थाना पुलिस और डीएसटी टीम ने बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने चोरी हुए ट्रक को बरामद कर लिया है। इस कार्रवाई में करीब 50 किलोमीटर क्षेत्र में लगे 100 से 150 सीसीटीवी कैमरों की जांच अहम साबित हुई। पुलिस ने थानाधिकारी बच्छराज चौधरी के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा कार्रवाई की गई।

पुलिस ने बताया की 31 मार्च को जयपुर ग्रामीण के निम्बेंडा निवासी मनोज खटीक ने सूचना दी कि वह अपनी ट्रक में माल भरकर रामपुरिया नाकोड़ा ईट फैक्ट्री पहुंचा था। ट्रक को फैक्ट्री के बाहर खड़ा कर अंदर जाने के बाद जब वह 1-2 घंटे में लौटा, तो ट्रक मौके से गायब मिला।

सूचना मिलते ही बनेड़ा थाना पुलिस सक्रिय हुई और मौके पर पहुंचकर जांच शुरू की।

पुलिस ने डीएसटी भीलवाड़ा के साथ समन्वय करते हुए टोल नाकों और विभिन्न मार्गों पर लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की। करीब 50 किलोमीटर क्षेत्र में 100-150 कैमरों के फुटेज खंगालने के बाद ट्रक की लोकेशन ट्रेस की गई।

आखिरकार पुलिस ने अहिंसा सर्कल, जित्या खेड़ी चौराहे के पास ट्रक को डिटेन कर बरामद कर लिया। पुलिस ने बताया की ट्रक तो बरामद कर लिया है, लेकिन मामले में शामिल आरोपियों की तलाश जारी है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर पूरे गिरोह का खुलासा किया जाएगा।

### देवउठनी एकादशी पर होगा खटीक समाज का 13वां सामूहिक विवाह सम्मेलन, भव्य आयोजन को लेकर तैयारियां शुरू

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

**पुनित चपलोत**

श्री शिव मण्डल खटीक समाज सामूहिक विवाह समिति के तत्वावधान में समाज के 13वें सामूहिक विवाह सम्मेलन का शंखनाद हो चुका है। आयोजन को लेकर बैठक चांदकरण खोईवाल की अध्यक्षता एवं समिति अध्यक्ष बंशीलाल पटेल के नेतृत्व में हुई जिसमें सम्मेलन की आधिकारिक घोषणा की गई। यह भव्य आयोजन आगामी देवउठनी एकादशी 2026 को आयोजित किया जाएगा। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में भीलवाड़ा शहर अध्यक्ष रमेश चंद्र खोईवाल एवं कांग्रेस जिलाध्यक्ष शिवराम डीडवानिया (जीपी) के साथ ही ओमप्रकाश चावला विशेष रूप से उपस्थित रहे। समिति अध्यक्ष बंशीलाल पटेल ने जानकारी देते हुए बताया कि सम्मेलन को भव्य रूप देने के लिए कार्यकारिणी का विस्तार किया जाएगा। बैठक के दौरान समाज के प्रबुद्धजनों ने सम्मेलन की रूपरेखा तैयार की और आयोजन को ऐतिहासिक रूप से सफल बनाने का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया।

इस महत्वपूर्ण चर्चा में हजारी सोलंकी, श्याम खींची, अंबालाल पटेल, शांतिलाल चावला, लक्ष्मीनारायण डीडवानिया, बंशीलाल खोईवाल, सत्यनारायण खोईवाल, घनश्याम खोईवाल, चुन्नीलाल खोईवाल, पुष्पेंद्र पटेल, रामप्रसाद पटेल और शंकर लाल खींची सहित समाज के कई प्रमुख कार्यकर्ता और पदाधिकारी मौजूद रहे। सभी ने एक स्वर में समाज के इस सामूहिक पुनीत कार्य में अपनी सहभागिता निभाने का संकल्प लिया।

### विवेकानंद विद्यापीठ का वार्षिक उत्सव संपन्न

**भीलवाड़ा फोकस @ आगूचा।**



विवेकानंद विद्यापीठ का वार्षिक उत्सव 'उड़ान-6ह्लद्ध' दीप प्रज्वलन के साथ आयोजित हुआ। कार्यक्रम में विभिन्न गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे तथा संचालन कैलाश नागला व पूजा बैरवा ने किया।


विद्यार्थियों ने भगत सिंह, महाभारत सहित देशभक्ति व सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

इस अवसर पर विद्यालय ने शैक्षणिक रूप से उत्कृष्ट विद्यार्थियों, सैनिक व नवोदय में चयनित छात्रों को सम्मानित किया। स्कूल ऑलराउंडर अवॉर्ड निवेदिता बैरवा को दिया गया, जबकि विशेष योगदान के लिए कृष्ण कन्हैया पाराशर को सम्मानित किया गया।

अंत में संस्था प्रधान सांवर लाल बैरवा ने सभी अतिथियों व उपस्थित जनों का आभार व्यक्त किया।

### 751 किलो लाल मिर्च से दहकेगी यज्ञ की ज्वाला, शत्रु बाधा निवारण के लिए होगा महायज्ञ

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**



शत्रुओं पर विजय और बाधाओं के निवारण की अधिष्ठात्री देवी माँ बगलामुखी को प्रसन्न करने के लिए वस्त्रनगरी भीलवाड़ा में पिछले वर्ष कि भांति इस वर्ष भी एक दुर्लभ अनुष्ठान होने जा रहा है। शहर के पंचमुखी मोक्षधाम स्थित श्री मसानिया भैरवनाथ मंदिर परिसर में आगामी रविवार, 5 अप्रैल को मध्यरात्रि में 751 किलो लाल मिर्च से महायज्ञ किया जाएगा। मंदिर समिति के अध्यक्ष रवि कुमार सोलंकी ने बताया कि इससे पूर्व भी यहाँ 551 किलो मिर्च का सफल यज्ञ संपन्न हो चुका है। धार्मिक मान्यताओं और तंत्र शास्त्र के अनुसार, माँ बगलामुखी की आराधना में लाल मिर्च का उपयोग विशेष फलदायी माना जाता है। 'धधकती अग्नि में लाल मिर्च की आहुति देने से नकारात्मक ऊर्जा का तत्काल नाश होता है। यह अनुष्ठान विशेष रूप से शत्रु विजय, कोर्ट-कचहरी के मामलों में सफलता और जीवन की बाधाओं को दूर करने के उद्देश्य से किया जा रहा है।' मंदिर के पुजारी संतोष खटीक ने बताया कि आयोजन की तैयारियाँ पूर्ण कर ली गई हैं। उन्होंने क्षेत्र के श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इस दिव्य और अलौकिक अनुष्ठान के साक्षी बनें एवं धर्म लाभ उठाएं।

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कप्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।